प्रादेशिक समाचार

दिनांक–13.03.2025 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. **होली के त्योहार को लेकर राज्य में उत्साह का माहौल, राजधानी रांची समेत विभिन्न जिलों में होली मिलन समारोह का आयोजन।**
2. **होली और रमजान को लेकर झारखंड पुलिस अलर्ट मोड पर, राज्यभर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम, जिला प्रशासन द्वारा शांतिपूर्ण ढंग से त्योहार मनाने की अपील।**
3. **भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर साधा निशाना, उत्पाद सिपाही भर्ती में देरी और 108 एंबुलेंस सेवा की बदहाली को लेकर उठाए सवाल।**
4. **गुमला पुलिस और एसएसबी को नक्सल अभियान के खिलाफ मिली बड़ी कामयाबी, पीएलएफआई के तीन उग्रवादी गिरफ्तार, हथियार और कारतूस किये बरामद।**
5. **महिला क्रिकेट प्रीमियर लीग में आज मुंबई इंडियंस का सामना गुजरात जायंट्स से**

****

होली के त्योहार को लेकर राज्यभर में उत्साह का माहौल है। राजधानी रांची समेत विभिन्न जिलों में होली मिलन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में गिरिडीह जिले के झामुमो कार्यालय में होली मिलन समारोह आयोजित हुआ जहां मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू और जिलाध्यक्ष संजय सिंह ने कार्यकर्ताओं के साथ फूलों की होली खेली। मौके पर मंत्री ने राज्यवासियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए उनके मंगलमय जीवन की कामना की। इधर, रामगढ़ जिले में आयोजित होली मिलन समारोह के अवसर पर झारखंड के प्रसिद्ध लोक कलाकार पद्मश्री मुकुंद नायक और महावीर नायक ने अपने गीतों से लोगों को मंत्रमुग्ध किया। इस अवसर पर महावीर नायक ने झारखंड के विकास पर जोर दिया, वहीं मुकुंद नायक ने भाषा, माटी और संस्कृति को बचाने की अपील की

****

इधर लोहरदगा जिले में भी होली को लेकर विभिन्न संगठनों और स्कूलों में होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ। जिला बार एसोसिएशन ने न्यायाधीशों और वकीलों के बीच होली मिलन समारोह आयोजित किया। उपायुक्त डॉक्टर वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल में होली मनाने की अपील की है। वहीं, जामताड़ा के पुलिस अधीक्षक डॉक्टर एहतेशाम बकारिब और गिरिडीह पुलिस अधीक्षक डॉक्टर विमल कुमार ने वीडियो संदेश जारी कर लोगों से शांति पूर्ण ढंग से होली मनाने की अपील की।

****

राजधानी रांची के दीपशिखा संस्थान में मानसिक रूप से विशेष बच्चों के लिए होली महोत्सव का आयोजन किया गया। शिक्षक–शिक्षिकाओं के साथ बच्चों ने होलिका दहन और रंगोत्सव मनाया। शिक्षिका अनुपा गुप्ता ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य विशेष बच्चों में त्योहारों की समझ विकसित करना है।

****

हजारीबाग जिले में भी रंगोत्सव को लेकर उत्साह का माहौल है, जगह–जगह पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया जा रहा है।

****

होली पर्व और रमजान के जुमे को लेकर झारखंड पुलिस अलर्ट मोड में है। राज्यभर में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है और संवेदनशील इलाकों में विशेष सतर्कता बरती जा रही है। राजधानी रांची में पुलिस ने सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए हैं। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने दो दिनों तक सुरक्षा बलों की तैनाती के निर्देश दिए हैं, साथ ही सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट नहीं करने की अपील की है। इसके साथ ही रांची, हजारीबाग, गिरिडीह, दुमका और जमशेदपुर में रैप की कंपनियां तैनात रहेंगी।

****

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने उत्पाद सिपाही भर्ती में देरी को लेकर राज्य सरकार पर निशाना साधा है। एक सोशल मीडिया पोस्ट पर उन्होंने कहा कि सरकार ने चुनावी लाभ के लिए युवाओं को जलती धूप में दौड़ाया, लेकिन अब नियुक्ति प्रक्रिया ठप पड़ी है। उन्होंने मांग की कि सरकार बिना विलंब के सारी प्रक्रियाएं पूरी कर युवाओं को नियुक्ति पत्र जारी करे। इसके साथ ही बाबूलाल मरांडी ने झारखंड में 108 एंबुलेंस सेवा की बदहाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि जब जमीनी स्तर पर एंबुलेंस सेवाएं ठप हैं, तो एयर एंबुलेंस की बात करना सिर्फ जनता का ध्यान भटकाने की कोशिश है।

****

नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे राज्यव्यापी अभियान में गुमला पुलिस को बड़ी सफलता मिली है।

गुमला पुलिस और एसएसबी की संयुक्त टीम ने कामडारा थाना क्षेत्र में पीएलएफआई के तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार किया। उग्रवादियों के पास से हथियार, जिंदा कारतूस, संगठन के पर्चे और मोटरसाइकिल बरामद की गई। पुलिस अधीक्षक शंभु कुमार सिंह ने बताया कि एक आरोपी संगठन की केंद्रीय कमिटी का सदस्य है।

****

1) देवघर जिले के बैद्यनाथ धाम में होली से एक दिन पहले बाबा बैद्यनाथ का स्थापना दिवस मनाने की परंपरा है। इस दिन हरि और हर मिलन उत्सव भी मनाया जाता है। मंदिर के सरदार पंडा ने बताया कि सबसे पहले बाबा बैद्यनाथ को गुलाल अर्पित कर सूखी होली की शुरुआत होती है।
2) सरायकेला खरसावां जिले में भाजपा ने **अटल विरासत सम्मेलन** आयोजित किया। इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने अटल बिहारी वाजपेयी के कार्यों पर चर्चा की।
3) गिरिडीह जिले के बगोदर में बाल विवाह का मामला सामने आया है, जहां पुलिस और एनजीओ की त्वरित कार्रवाई से एक नाबालिग लड़की की शादी रुकवाई गई। जागरूक पंडितों की सूचना पर पुलिस ने लड़की को बाल सुधार गृह भेजा गया।

****

झारखंड में होली के दौरान लू चलने की संभावना है, मौसम विभाग ने इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान अनुसार अगले दो दिनों में रांची का तापमान लगभग 37 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का अनुमान है। साथ ही पलामू, गढ़वा, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला में हीट वेव का खतरा बताया गया है।

****

महिला क्रिकेट प्रीमियर लीग में अब से कुछ देर में मुंबई में होने वाले एलिमिनेटर मैच में मुंबई इंडियंस का सामना गुजरात जायंट्स से होगा। यह मैच शाम साढ़े सात बजे से खेला जाएगा। दिल्ली कैपिटल्स पहले ही फाइनल में अपनी जगह पक्की कर चुका है।

*******समाप्त********